संख्या-1/2017-क0नि0-4-580/11-2016-2(4)/06

प्रेषक,

धीरेन्द्र कुमार वर्मा,
उपसचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 20 जून, 2017

विषयः- नोएडा स्थित वाणिज्य कर कार्यालय हेतु सेक्टर-29 स्थित गंगा शापिंग काम्प्लेक्स के द्वितीय तल का पूर्व स्वीकृत दर से किराया भुगतान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-सम्पत्ति-किराया/भ0प0-नोएडा-131 से029-द्वितीय तल/2016-17/140/वाणिज्य कर, दिनांक 19-07-2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 वाणिज्य कर कार्यालय नोएडा हेतु नोएडा विकास प्राधिकरण, नोएडा के सेक्टर-29 स्थित गंगा शापिंग कांॅम्प्लेक्स के द्वितीय तल में उपलब्ध भवन (1567.58 वर्गमी0 कारपेट एरिया) की अवशेष अवधि का किराया जब तक भवन का किराया नवीनीकरण नहीं हो जाता, तब तक शासनादेश सं0-क0नि0-4-2084/11-2007-2(4)2006, दिनांक 02.01.2008 के अनुसार पूर्व निर्धारित दर रू0 210.69 प्रतिवर्ग मी0 के हिसाब से कुल रू0-3,30,274.00 (रूपये तीन लाख तीस हजार दो सौ चैहत्तर मात्र) प्रतिमाह भुगतान किए जाने की सहर्ष स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान करते हैं।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में वाणिज्य कर विभाग के आय व्ययक की अनुदान संख्या-89 के अंतर्गत लेखाशीर्षक-2040-बिक्री, व्यापार आदि पर कर-800-अन्य व्यय- आयोजनेत्तर- 03-वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान के अंतर्गत मद संख्या-17 किराया, उपशुल्क एवं कर स्वामित्व के अंतर्गत सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

3- भवन का जलकर व जल निकासी कर विभाग द्वारा देय होगा एवं अन्य सभी दायित्व भवन स्वामी के होंगे।

भवदीय
धीरेन्द्र कुमार वर्मा
उप सचिव।

संख्या-1/2017-क0नि0-4-580(1)/11-2016-2(4)/06-तददिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।
2. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)।
3. अपर आयुक्त, व्यापार कर, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)।
4. जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
5. मुख्य कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-9
7. गार्डबुक।

आज्ञा से
धीरेन्द्र कुमार वर्मा
उप सचिव।